FORM N0. III

फर्द अहकाम

(नियम–26)

अज अदालत संभागीय आयुक्त मुकाम अजमेर

मोहनी देवी बनाम लादूनाथ जरिये वारिसान उपेन्द्रनाथ व अन्य

किस्म मुकदमा/प्रार्थना पत्र /बाजदायरी/नं0/2022/96 जिला अजमेर

तारीख हुक्म	हुक्म व कार्यवाही मय इनिशियल्स जज अपी0 अधि0 : श्री धर्मेन्द्र सिंह टांक	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
28.02.2022	पत्रावली पेश हुई। यह बाजदायरी प्रार्थना–पत्र मूल अपील संख्या 164/2010 बउनवान मोहनी देवी बनाम लादूनाथ में निर्णय दिनांक 03.06.2014 को अदम हाजरी अदम पैरवी में खारिज किये जाने के आदेश के विरूद्व अपीलान्ट की ओर से अभिभाषक श्री धमेन्द्र सिंह टांक द्वारा दिनांक 24.01.2021 को प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थना पत्र पर प्रार्थी के अभिभाषक को एक तरफा सुना गया। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर हो। अपीलान्ट अभिभाषक की प्रार्थना पत्र पर हुई बहस पर मनन किया तथा प्रार्थना पत्र में वर्णित तथ्यों का अवलोकन किया गया। न्यायहित मे अपीलान्ट का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है। प्रार्थना पत्र सम्बंधित मूल अपील 164/2010 बउनवान मोहनी देवी बनाम लादूनाथ जिला अजमेर पुनः नम्बर पर ली जाकर दर्ज रजिस्टर किये जाने के आदेश दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार होकर नम्बर से कम हो तथा बाद तकमील दाखिल दफ्तर हो। संभागीय आयुक्त अजमेर	

Scanned with CamScanner